प्रादेशिक समाचार

दिनांक–07.06.2025 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का 10 जून से दो दिवसीय देवघर दौरा टला, एम्स के पहले दीक्षांत समारोह में होना था शामिल, राष्ट्रपति भवन ने जिला प्रशासन और एम्स को भेजी सूचना।
- शराब घोटाला में गिरफ्तार पूर्व उत्पाद सचिव विनय कुमार चौबे के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति का दर्ज होगा मामला, राज्य सरकार का एसीबी को प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश।
- राज्य सरकार ने डिजिटल पंचायत की दिशा में लिया बड़ा फैसला, सभी पंचायत सचिवालय में अब आधार पंजीकरण और अपडेट की सुविधा होगी उपलब्ध
- राज्य भर में पूरी अकीदत से मनाया जा रहा ईद –उल –अजहा का त्यौहार, राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने दी मुबारकबाद, सुरक्षा के भी किये गये हैं कड़े इंतजाम।
- झारखंड की साइकिलिस्ट सरिता कुमारी और अमीर रियाज भारतीय साइकलिंग टीम में शामिल, जर्मनी और फ्रांस में आयोजित होने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रमों में लेंगे हिस्सा

********************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का 10 जून से दो दिवसीय देवघर दौरा टल गया है। राष्ट्रपति भवन ने कल देर शाम देवघर जिला प्रशासन और एम्स प्रबंधन को राष्ट्रपति के कार्यक्रम स्थगित होने की सूचना भेज दी है। ऐसे में 11 जून को एम्स में आयोजित होने वाले पहले दीक्षांत समारोह को भी स्थगित कर दिया गया है। एम्स के निदेशक डॉक्टर सौरभ वार्ष्णय ने बताया कि राष्ट्रपति के देवघर आगमन से संबंधित नई तिथि तय होने के बाद ही एम्स का दीक्षांत समारोह आयोजित होगा।

********************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कनाडा में 15 से 17 जून तक होने वाली जी–7 शिखर बैठक में भाग लेंगे। कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने कल श्री मोदी को फोन करके इस सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए आमंत्रित किया। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने श्री कार्नी को हाल के चुनाव में जीत हासिल करने पर बधाई दी और शिखर बैठक में आमंत्रित करने के लिए आभार व्यक्त किया।

********************

शराब घोटाले में गिरफ्तार पूर्व उत्पाद सचिव विनय कुमार चौबे और उनके करीबियों के खिलाफ अब आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने का मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। राज्य सरकार ने इस सिलसिले में एसीबी को प्रिलिमनरी इन्क्वायरी दर्ज करने का आदेश दिया है। एसीबी की टीम ने पिछले महीने की 20 तारीख को शराब घोटाला मामले में कार्रवाई करते हुए पूर्व उत्पाद सचिव विनय कुमार चौबे को गिरफ्तार कर लिया था। इसके बाद राज्य सरकार ने उन्हें निलंबित कर दिया था।

********************

राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने अनुसूचित जाति आयोग और अनुसूचित जाति परामर्शदात्री परिषद के गठन की मांग को लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखा है। उन्होंने अपने इस पत्र में दलित समाज की हो रही उपेक्षा की जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि राज्य में इंडिया गठबंधन की सरकार से दलित समुदाय को काफी उम्मीदें हैं और इसे मुख्यमंत्री निश्चित तौर पर पूरा करेंगे।

********************

पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के वरीय नेता रघुवर दास ने कहा है कि हेमंत सोरेन की सरकार में पिछले 6 वर्षों से आदिवासी समाज पूरी तरह उपेक्षित है। इस सरकार ने जो भी वादे किए, उसे पूरा नहीं कर रही है। श्री दास ने जामताड़ा जिले में आयोजित जन चौपाल कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि हेमंत सरकार पेसा कानून लागू नहीं कर आदिवासियों का हक छीन रही है।

********************

राज्य के सभी पंचायत सचिवालयों में अब आधार पंजीकरण और अपडेट की सुविधा उपलब्ध होगी। राज्य सरकार ने डिजिटल पंचायत की दिशा में पहल करते हुए यह निर्णय लिया है। इससे ग्रामीण अब अपने ही पंचायत में आधार पंजीकरण और उसमें सुधार का कार्य करा सकेंगे। इसके लिए पंचायत सचिवालय में कॉमन सर्विस सेंटर– सीएससी और स्पेशल परपज व्हीकल–एसपीवी को आधार केंद्र की स्थापना हेतु अनुमति राज्य सरकारी ने दे दी है। इसके लिए जल्द ही एमओयू पर हस्ताक्षर होंगे।

********************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी

वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक पेज आकाशवाणी न्यूज रांची,

इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते हैं।

********************

भारत ने सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के सिद्धांतों से प्रेरित होकर एक दशक तक उल्लेखनीय परिवर्तन किया है। आकाशवाणी समाचार आपके लिए पिछले करीब 11 वर्षों में प्रमुख क्षेत्रों में सरकार के प्रयासों पर एक विशेष फीचर लेकर आया है। आज, हम वैश्विक नेतृत्व और स्वच्छ ऊर्जा पर ध्यान देंगे।

********************

साहिबगंज के राजमहल – तीनपहाड़ और मिर्जाचौकी– पीरपैंती रेलवे स्टेशनों के बीच ट्रैफिक और पावर ब्लॉक की वजह से तीन पहाड़ राजमहल पैसंजर 13 से 15 जून तक रद्द रहेगी, जबकि साहिबगंज एक्सप्रेस नौ औऱ ग्यारह जून, तथा साहिबगंज–जमालपुर पैसेंजर आठ, नौ औऱ ग्यारह जून को री–शिड्यूल की गई है।

********************

हजारीबाग जिले में सुकर पालन एक व्यवसाय के रुप में उभरकर सामने आ रहा है।

********************

रांची के नामकुम थाना क्षेत्र में पूल निर्माण कर रही कंपनी से भाकपा माओवादियों के नाम पर तीन करोड रुपए लेवी मांगने के मामले में पुलिस ने दो पूर्व नक्सलियों को गिरफ्तार किया है। इस मानले में कंपनी के मुंशी की भी मिलीभगत थी। रांची के वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा ने इसकी जानकारी दी।

********************

राज्य भर में आज पूरी अकीदत के साथ ईद–उल –अजहा का त्योहार मनाया जा रहा है। कुर्बानी के पवित्र पर्व को लेकर मस्जिदों और ईदगाहों में विशेष नमाज अदा की जा रही है। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने लोगों को मुबारकबाद दी है। वहीं, बकरीद के दौरान विधि–व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूरे राज्य में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। मस्जिदों, ईदगाहों और संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात किए गए हैं।

जमशेदपुर में बकरीद के दौरान विधि व्यवस्था बनाए रखने को लेकर जिले के वरीय पुलिस अधीक्षक पियूष पांडेय के नेतृत्व में पुलिस ने संवेदनशील इलाकों में फ्लैग मार्च किया। उन्होंने कहा कि अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

********************

मौसम विभाग ने राजधानी रांची समेत राज्य के पूर्वी और मध्य हिस्सों में आज आसमान में बादल छाए रहने तथा मेघ गर्जन के साथ बारिश का पूर्वानुमान जताया है। वहीं, 10 जून तक राज्य में हल्की बारिश की स्थिति बनी रहेगी। मौसम विभाग ने पन्द्रह जून के बाद संताल परगना के रास्ते झारखंड में मॉनसून के प्रवेश की संभावना जताई है।

********************

झारखंड की साइकिलिस्ट सरिता कुमारी और आमिर रियाज जर्मनी और फ्रांस में आयोजित होने वाले साइकिलिंग प्रशिक्षण कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। इन दो देशों में आयोजित होने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए इन दोनों खिलाड़ियों का चयन साइकिलिंग फेडरेशन ऑफ़ इंडिया के द्वारा किया गया है। लगभग एक महीने तक चलने वाले इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए भारतीय साइकलिंग दल के साथ ये दोनों खिलाड़ी जर्मनी के लिए रवाना हो चुके हैं।

********************

अखबारों की सुर्खियां–

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा राज्य के पहले मिल्क पाउडर प्लांट का शिलान्यास करने की खबर को पहले पन्ने की सुर्खी बनायी है।

दैनिक भास्कर ने लिखा है– मैट्रिक में सात स्कूल के सभी बच्चे फेल, चौवन के आधे बच्चे ही हुए पास।

प्रभात खबर के शब्द हैं–डोंबारी में शहीद हुई तीन आदिवासी वीरंगनाये, 125 साल तक रही गुमनाम।

हिन्दुस्तान लिखता है– विनय चौबे की आये से अधिक संपत्ति की भी होगी जांच।

दैनिक जागरण की सुर्खी है– सस्ते होम और ऑटो लोन की जमीन तैयार।

**************